राजस्थान पोल्ट्री सेल्स एसोसिएशन का गठन

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। ऑल राजस्थान पोल्ट्री फार्मस सोसायटी के अध्यक्ष डॉ.राजकुमार जयपाल के निर्देशानुसार सोमवार को अजमेर क्लब में सोसायटी के उपाध्यक्ष सैयद फखरे मोईन की अध्यक्षता में पोल्ट्री सेल्स प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से राजस्थान पोल्ट्री सेल्स एसोशिएशन की कार्यकारिणी बनाई गई, जिसमें संरक्षक डॉ.राजकुमार जयपाल, सहसंरक्षक सैयद फखरे मोईन, अध्यक्ष विजयराज पारीक, उपाध्यक्ष मजीद खान, महासचिव भूपेंद्र सिंह, सचिव सुरेश धाभाई, कोषाध्यक्ष यादवेंद्र सिंह, सलाहकार अतिश बसु एवं कार्यकारिणी के सदस्य शाहरुख खान घनश्याम कुमावत मोहसिन खान युद्धवीर सिंह और आशाराम को बनाया गया।

राजस्थान पोल्ट्री सेल्स एसोशिएशन ऑल राजस्थान पोल्ट्री फार्मस सोसाइटी की देखरेख में कार्य करेगी। कार्यकारिणी का डॉ मनीष साबले, कुलजिंदर सिंह, डॉ नरेंद्र मीणा, डॉ आकाश सकलकर एवं सत्यनारायण जेना ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। बैठक में अजमेर, जयपुर, सीकर व झुंझुनू के 70 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में फकरे मोइन , पंकज शर्मा, भूपेंद्र सिंह शाहरुख ने विचार व्यक्त किए। बैठक का संचालन लाइक खान ने किया। राजस्थान पोल्ट्री फार्मस सोसाइटी के महासचिव एवं राजस्थान पोल्ट्री सेल्स एसोशिएशन के अध्यक्ष विजय राज पारीक ने बताया कि कार्यकारिणी पोल्ट्री सेल्स प्रतिनिधियों के हित में सदैव तत्पर रहेगी एवं कार्य करेगी अंत में उपाध्यक्ष माजीद खान ने सभी प्रतिनिधियो का आभार व्यक्त किया।

राजावीर साहिब दरबार में धार्मिक आयोजन

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। आशागंज स्थित मायाणी चिकित्सालय के सामने स्थित राजावीर साहिब दरबार एवं दुर्गा माता मन्दिर में भक्तियाणी रेखा गोस्वामी और कवित भक्तियाणी के नेतृत्व में गद्दीनशीन सिन्धी समाज के प्रमुख महंत टहलगिरी गोस्वामी की अध्यक्षता में दरबार के महान सन्तो राजावीर साहिब, सन्त स्वामी शंकर गिरी, सन्त स्वमी मिथूं गिरी एवं अन्य की स्मृति में भजन एवं गीता के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। दरबार संत प्रकाश गोस्वामी ने बताया कि थांवला की भक्तियाणी कविता डॉ.जयकुमार भारती, मीना बच्चानी, ज्योति, वामिका गोस्वामी, प्रकाश बच्चानी, द्रोपदी भोजवानी सहित अन्य ने सम्मलित भजनो एवं गीतो की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के महासचिव रमेश लालवानी एवं अन्य श्रद्धालुओ को शॉल पहनाकर,पख्खर पहनाकर,राजावीर साहिब की माला पहनाकर,रोट का प्रसाद प्रदान करके और प्रसाद भेंट करके दरबार के गद्दीनशीन महन्त स्वामी टहलगिरी गोस्वामी और सन्त प्रकाश गोस्वामी के कर कमलो के द्वारा सम्मानित करके आशीवाद प्रदान किया गया। पश्चव प्रार्थना के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।

बुजुर्ग दंपत्ति ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

पुलिस की कार्यशैली पर उठाए सवाल, एसपी के निर्देश पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास का नारा बुलंद करने वाली अजमेर की जिला पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए सोमवार को बुजुर्ग दंपत्ति ने जिला पुलिस अधीक्ष वंदिता राणा से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई।

बुजुर्ग दंपत्ति ने एसपी से कहा कि अपनी शिकायत लेकर क्लॉक टावर थाने पहुंचे तो मौजूद पुलिस कर्मी ने शिकायत दर्ज करने की जगह उन्हें आए दिन चक्कर लगवाने शुरू कर दिए। दंपत्ति की शिकायत पर एसपी ने पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। सरावरी मोहल्ला निवासी बुजुर्ग सावित्री देवी ने बताया कि 8 नवंबर को वह ई-रिक्शा में सवार होकर अपने बच्चे के साथ घर जा रही थी, इस बीच बच्चा मोबाइल चला रहा था, तभी उसे झपकी आ गई।

इसका फायदा उठाकर रिक्शा चालक मोबाइल चोरी कर लिया। सीसीटीवी खंगालने पर उन्होंने ई-रिक्शा चालक को पकड़ा और पुलिस के हवाले भी किया था, लेकिन उसे बिना कार्रवाई कर छोड़ दिया गया। बुजुर्ग ने आरोप लगाया की 15 दिन तक पुलिस द्वारा उन्हें थाने के लगवाए, लेकिन आरोपी पर कोई सुनवाई नहीं की। मामले में कार्यवाही को लेकर पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा से मुलाकात करते हुए कार्यवाही की मांग की। एसपी ने क्लॉक टावर पुलिस को निर्देशित किया है कि इस प्रकरण में जांच कर अवगत कराया जाए।

पीड़ित ने कराया अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

गहरी नींद में सोता रहा परिवार, चोर नकदी सहित जेवरात लेकर फरार

20 लाख की नगदी सहित 10 लाख के जेवरात चोरी

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। अजमेर संभाग के ब्यावर जिले के बिजयनगर में बेखौफ चोरों ने चोरी की बड़ी वारदात अंजाम दी। नवंबर माह में पड़ रही सर्दी के चलते सर्द रात में परिवार गहरी नींद में सोता रहा तो वहीं चोर मौके का फायदा उठाते हुए घर में घुसे और करीब 20 लाख रुपए की नकदी सहित 10 लाख रुपए की कीमत वाले सोने-चांदी के जेवरात चुरा कर फरार हो गए। पीड़ित ने बिजयनगर थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। बिजयनगर थाना क्षेत्र के प्रताप नगर इलाके में स्थित कानसिंह पड़िहार के मकान को चोरों ने शातिराना अंदाज में निशाना बनाया। मकान में कानसिंह पड़िहार अपने खेत पर गए थे। पीछे मकान के एक भाग में पुत्र दशरथ व परिवार एवं दूसरे भाग में किराएदार सो रहे थे। इसके बावजूद चोरों ने दो मंजिला मकान के टॉप फ्लोर पर नाल पर लगे गेट को खोलते हुए भीतर प्रवेश किया। बाद में शातिर चोरों ने मकान के एक-एक कमरे को खंगालते हुए करीब 20 लाख रुपए नकदी और सोने-चांदी के आभूषण पर हाथ साफ कर लिया। सूचना मिलने पर बिजयनगर थाना पुलिस ने मौका मुआयना कर वारदात की जानकारी ली। इस मामले में कानसिंह पड़िहार ने पुलिस थाने में रिपोर्ट पेश की है। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला।

निर्माणाधीन मकान का सहारा : कानसिंह के मकान के बगल में ही एक और दो मंजिला मकान का निर्माण कार्य चल रहा था। ऐसे में अंदेशा जताया जा रहा है कि निर्माणाधीन मकान से चोरों ने टॉप फ्लोर पर पहुंचकर नाल पर लगे गेट को खोलकर भीतर प्रवेश किया। जिस कमरे में दशरथ व उसका परिवार सो रहा था शातिर चोरों ने उसे बाहर से बंद कर दो भागों में विभक्त मकान के भीतर कमरों में आलमारियों को खंगालते हुए वारदात को बेखौफ अंजाम दिया। पीड़ितकानसिंह पड़िहार ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि प्लॉट की रजिस्ट्री करवाने के लिए करीब 20 लाख रुपए की राशि घर में रखी थी। दो दिन का अवकाश होने के चलते रजिस्ट्री नहीं हो पाई, सोमवार को रजिस्ट्री करवानी थी, ऐसे में उक्त रकम पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफकर लिया। पड़िहार ने बताया नगदी के अलावा सोने की चैन, ब्रासलेट, रखड़ी, 5 अंगूठी व 5 सोने के मॉदलि सहित करीब 2 किलो चांदी करीब 10 सेा 5 लाख के जेवरात भी चुरा ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना कर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

बस ने कार को मारी टक्कर तीन बच्चे सहित 9 घायल

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। मदनगंज किशनगढ़ क्षेत्र में अजमेर रोड स्थित टमाटर मंडी के पास सोमवार अल सुबह सड़क हादसे में कार ड्राइवर सहित 9 लोग घायल हो गए, जिसमें तीन बच्चे, चार महिलाएं भी हैं। हादसा एटिंगा कार के आगे चल रहे एक ट्रेलर के अचानक ब्रेक लगाने से हुआ। कार के पीछे चल रही वीडियो कोच बस ने कर को टक्कर मार दी, कार में सवाल लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उन्हें उपचार के लिए किशनगढ़ के राजकीय यज्ञ नारायण जिला अस्पताल पहुंचाया। सभी घायल एक ही परिवार के है जो उत्तर प्रदेश के जौनपुर रहने वाले है। यह परिवार अजमेर दरगाह जियारत करने जा रहा था। किशनगढ़ पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के जौनपुर निवासी एक परिवार एटिंगा कार में सवार होकर अजमेर दरगाह जियारत करने जा रहा था। इसी दौरान अजमेर रोड किशनगढ़ की टमाटर मंडी के समीप सोमवार अल सुबह उनकी कार के आगे चल रहे एक ट्रेलर ने अचानक ब्रेक लगा दी। इससे कार चालक को संभालने का मौका नहीं मिला और कार के पीछे चल रही चौधरी ट्रेवल्स की वीडियो कोच ने कार को टक्कर मार दी। इससे कार में सवार अविनाश, नाजिया, मुस्कान, गुड़िया, आहिल, जास्मीन, हसीना, ज़ुबेदा, मुस्कान और आफताब घायल हो गए। हादसे के बाद कार में फंसे लोगों को राहगीरों और आसपास के लोगों की मदद से बाहर निकल गया। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों के उपचार के लिए राजकीय यज्ञ नारायण जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां सभी को प्रारंभिक उपचार दिया गया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद गेगल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त कार को एक तरफ करवा कर यातायात को सुचारू कराया। पुलिस ने घायलों के बयान के आधार पर मामले की जांच आरंभ कर दी है।

अजमेर यातायात पुलिस का नवाचार

चौराहों पर एनसीसी कैडेट्स ने संभाली यातायात व्यवस्था

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। अजमेर यातायात पुलिस ने नवाचार करते हुए एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों की जानकारी दी और उन्हें शहर की यातायात व्यवस्था संभालने का अवसर प्रदान किया। यह नवाचार लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। एनसीसी कैडेट्स को सोमवार को विशेष रूप से जीसीए चौराहे पर तैनात किया गया, जहां उन्होंने यातायात सिग्नलों के अनुरूप यातायात को संचालित किया। अजमेर के यातायात पुलिस निरीक्षक भीकाराम काला ने बताया कि एनसीसी कैडेट्स बहुत ही कुशलता और सतर्कता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि कैडेट्स के माध्यम से हम लोगों में यह संदेश देना चाहते हैं कि यातायात नियमों का पालन केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। कैडेट्स ने इस अवसर पर न केवल यातायात को सुचारू रूप से संचालित किया, बल्कि राहगीरों और वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक भी किया।

उन्होंने लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी। कैडेट्स ने अपने परिवार और दोस्तों को भी यातायात नियमों के महत्व के बारे में जागरूक करने का संकल्प लिया। इस पहल के तहत कैडेट्स ने अनुभव किया कि यातायात व्यवस्था कितनी जटिल हो सकती है और इसे सुचारू रूप से चलाने के लिए किस प्रकार की सतर्कता और अनुशासन की आवश्यकता होती है।

दौराई रेलवे स्टेशन की पुलिया के नीचे मिली बुजुर्ग की लाश

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। दौराई रेलवे स्टेशन की पुलिया के नीचे एक बुजुर्ग व्यक्ति की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि पुलिया के नीचे पानी में डूबने से उनकी मौत हुई है। सिविल डिफेंस की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला। घटना स्थल पर आरपीएफ और जीआरपी की टीम भी पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जीआरपी के एएसआई राजेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 65-70 वर्ष के बीच है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। घटना स्थल पर मृतक की पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिले हैं। जीआरपी ने शव को जेएलएन अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है और मृतक की शिनाख्त के प्रयास जारी हैं। पुलिस का मानना है कि बुजुर्ग की मौत डूबने से हुई है।

प्रॉपर्टी में मुनाफे का लालच देकर युवक से लाखों की धोखाधड़ी

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। अजमेर के आदर्श नगर थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी निवेश में भारी मुनाफे का लालच देकर युवक से लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर करीब 65 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर रकम हड़प ली। पीड़ित युवक ने थाने में धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। शास्त्री नगर निवासी अरविंद ऑबेराय ने आदर्श नगर थाने लिखित शिकायत देते हुए धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित अरविंद ने बताया कि मुरली भगतानी और दीपक चंदवानी प्रॉपर्टी कारोबारी उसके पास आए और उसे प्रॉपर्टी के व्यवसाय में मुनाफे का लालच दिया। आरोपी मुरली ने अरविंद को बताया कि बड़गांव में आशीष विश्वा और कमल किशोर सैनी ने प्लॉटिंग की है, जिससे निवेश कर अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है। अरविंद ने उनकी बातों में आकर बड़गांव जाकर संपत्ति देखी, जहां उसे आशीष विश्वा और कमल किशोर सैनी मिले। उन्होंने उसे संपत्ति में निवेश करने के लिए प्रेरित किया और मुनाफे के अच्छे सौदे होने का दावा किया। पीड़ित का आरोप है कि आशीष ने फर्जी दस्तावेज बनाकर उसे निवेश के लिए प्रोत्साहित किया और विभिन्न जगहों पर निवेश का प्रलोभन देकर कुल 65 लाख रुपए हड़प लिए। अरविंद को जब लगी का एहसास हुआ, तब उसने आदर्श नगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने अरविंद की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस ने अरविंद के बयान दर्ज कर धोखाधड़ी के इस संगठित गिरोह की जांच में जुट गई है।

दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

अजमेर। अलवर गेट थाना क्षेत्र में दुराचार के एक मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला 29 सितंबर का है, पीड़िता ने डाक के जरिए थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। थाने के हैड कांस्टेबल बाबू लाल ने बताया कि घटना 2016 की है, जब पीड़िता 10वीं कक्षा की छात्रा थी। पीड़िता ने बताया कि वह उस समय अपने ननिहाल गई थी, जहां उसकी मुलाकात आरोपी रूपेंद्र से हुई। रूपेंद्र ने ननिहाल में उसे अकेला देख कर घर में घुस कर उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाई, जिसमें नशीला पदार्थ मिला हुआ था। बेहोशी का फायदा उठाकर रूपेंद्र ने उसके साथ दुराचार किया। आरोपी ने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ बार-बार दुराचार किया।

JM FINANCIAL

जेएम फाइनेंशियल एसेट रीकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
कॉर्पोरेट पहचान संख्या : U67190MH2007PLC174287
पंजीकृत कार्यालय : 7वीं मंजिल, एनजी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई - 400 025
अधिकृत अधिकारी : सिंदूरा पिनिल्ई, ईमेल : questions.arc@jmfl.com
फोन : + 022 6224 1661, वेबसाइट : www.jmfinancialarc.com

अचल संपत्तियों और चल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस (नियम 8(6) के प्रावधान, नियम 6(2) के प्रावधान और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधान देखें)

विशेष आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("सरफेसी अधिनियम") के अंतर्गत अचल आस्तियों एवं चल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 ("प्रवर्तन नियम") के नियम 8(6) के प्रावधान, नियम 6(2) के प्रावधान तथा नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पढ़ा जाएगा।
आम जनता और विशेष रूप से अब्दुल अजीज (उधारकर्ता) और शेख ट्रेडिंग कंपनी और जुबेदा (सह-उधारकर्ता) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड को रिलीव/प्रभारित हैं, जो रिटेल जून 2022 - ट्रस्ट (सुरक्षित लेनदार) के ट्रस्टी के रूप में कार्य कर रही है, जेएमएफएआरसी के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त संपत्तियों (जैसा कि पृनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सौंपा गया है) का भौतिक कब्जा 31.07.2024 को अपने हाथ में ले लिया है और कब्जाधारक राशि की वसूली के लिए 7 जनवरी, 2025 को सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच ऋण खाता संख्याः HL/0062/H/14/000112 और HL/0062/H/14/000092 के अनुसार 33,04,143/- रुपये (केवल तैंतीस लाख चार हजार एक सौ तैंतालीस रुपये) 27.10.2023 तक 15.30 प्रतिशत ब्याज सहित (पृनावाला फिनकॉर्प लिमिटेड (पूर्ववर्ती मैग्मा फिनकॉर्प लिमिटेड) द्वारा नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित संपत्तियों के विरुद्ध सौंपे गए ऋणों के लिए, साथ में संविदात्मक दर पर ब्याज और व्यय, लागत, शुल्क आदि उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं से अंतिम भुगतान की तिथि तक देय (आज तक की गई वसूली को घटाकर))।
सुरक्षित अचल और चल संपत्तियों, उनके आरक्षित मूल्य और बयाना राशि का विस्तृत विवरण नीचे दी गई तालिका में दिया गया है :

सुरक्षित ऋण खाता संख्या के अनुसार :	ऋण खाता संख्या : HL/0062/H/14/000092 : वार्ड संख्या 3 में खसरा संख्या 480/5 पर स्थित अचल संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, जिसका क्षेत्रफल 234.77 वर्ग मीटर है, पेशवाओं के दर्रे पर, रामदेव सीमेंट के पास, गांव-सोयला, तहसील-बावरी और जिला-जोधपुर, राजस्थान, पिन-342001, पूर्व-मार्ग, पश्चिम-अन्य भूमि, उत्तर : अन्य भूमि, दक्षिण-अन्य भूमि से घिरा हुआ है। ऋण खाता संख्या : HL/0062/H/14/000112 : और साथ ही वार्ड संख्या 3 में खसरा संख्या 480/10 पर स्थित अचल संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, जिसका क्षेत्रफल 230.87 वर्ग मीटर है, पेशवाओं के दर्रे पर, रामदेव सीमेंट के पास, गांव-सोयला, तहसील-बावरी और जिला-जोधपुर, राजस्थान, पिन-342001, पूर्व-मार्ग, पश्चिम-अन्य भूमि, उत्तर : अन्य भूमि, दक्षिण-अन्य भूमि से घिरा हुआ है।
आरक्षित मूल्य (रु. में)	ऋण खाता संख्या : HL/0062/H/14/000092 और HL/0062/H/14/000112 रु. 22,25,031/- और रु. 17,96,463/- क्रमशः; कुल = रु. 40,21,494/- (रुपये चालीस लाख इक्कीस हजार चार सौ चौरानबे मात्र)
बयाना राशि जमा (रु. में)	रु. 4,02,149/- (केवल चार लाख दो हजार एक सौ उनचास रुपये)
निरीक्षण की तिथि :	20.12.2024 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक)
बोलियों के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि (उपर्युक्त बयाना राशि सहित) :	03.01.2025 सायं 5 बजे तक
नीलामी की तिथि :	07.01.2025 (सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक)

(नोट : उपरोक्त संपत्तियां अमूल अजीज के स्वामित्व में हैं)
यदि कोई ज्ञात भार है : सुरक्षित ऋणदाता को उसके सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार ज्ञात नहीं है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी https://www.jmfinancialarc.com/Home/AssetsForSale या https://www.bankauctions.in/ पर दिए गए लिंक को देखें।

एसडी/-
अधिकृत अधिकारी
स्थान : जोधपुर
दिनांक : 19.11.2024
जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
रिटेल जून 2022 के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य कर रहा है-ट्रस्ट